# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

## क. जे. सोमैया परिसर

विद्याविहार ( पूर्व ), मुम्बई - ४०० ०७७

## शास्त्री कक्षा में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा संबंधी सूचना

## सत्र २०२२-२३

प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष तथा बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण छात्र अथवा प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम जिनका प्रतीक्षित है ऐसे सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि इस सत्र से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, मुम्बई परिसर में शास्त्री प्रथम वर्ष में प्रवेश राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम होगा । मुम्बई परिसर में व्याकरण, साहित्य या ज्योतिषशास्त्र में से किसी एक शास्त्र में प्रवेश लिया जा सकता है । अत: इच्छुक विद्यार्थी निम्न निर्देशों को ध्यान पूर्वक पढ़े -

- प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आनलाइन माध्यम से अपना पंजीयन सुनिश्चित करना अनिवार्य है । पंजीयन 2 अप्रैल, 2022 से 30 अप्रैल, 2022 के मध्य किया जा सकता है । पंजीयन हेतु बेवसाईट निम्न है - http://cuet.samarth.ac.in/
- पंजीयन करते समय अपना रजिस्ट्रेशन नंबर, पासवर्ड आदि सुरक्षित करें । भविष्य में इसी लॉगइन-पासवर्ड के माध्यम से इस वबसाइट पर जानकारी देखी जा सकेगी ।
- विद्यार्थी पंजीयन के उपरांत अपनी व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक जानकारी भरें तथा आवश्यक होने पर शैक्षणिक प्रमाणपत्र (50kb to 300kb), फोटो (4kb to 30kb) इत्यादी अपेक्षित फॉरमेट में अपलोड करें ।
- अध्ययन हेतु विश्वविद्यालय एवं परिसर का चयन करें । मुम्बई के विद्यार्थी मुम्बई परिसर का चयन करें ।
- पंजीयन फार्म भरने के उपरान्त आवश्यक शुल्क आनलाइन के माध्यम से जमा करें । शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 6 मई, 2022 है । शुल्क जमा होने के उपरांत किसी भी प्रकार का परिवर्तन आवेदन फार्म में नहीं हो सकेगा । शुल्कादि की जानकारी निम्नानुसार है -

| Online submission of ApplicationForm | | 06 April 2022 to 06 May 2022 ( up to 05.00 PM) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Last date of successful transaction of fee through Credit/Debit Card/Net Banking/UPI/Paytm** | | **06 May 2022 (up to 11.50 PM).** | | | |
| **Correction in particulars** | | **To be announced later on the website** | | | |
| | | **Slot I (Morning)** | | **Slot II (Afternoon)** | |
| **Fee payable** | **Category of candidates** | Centres in India (Fee in ₹) | Centres outside India (Fee in ₹) | Centers In India (Fee in ₹) | Centres outside India (Fee in ₹) |
| | **General/Un-Reserved** | 650/- | 3000/- | 650/- | 3000/- |
| | **General-EWS/OBC-NCL*** | 600/- | | 600/- | |
| | **SC/ST/PwBD/Third Gender** | 550/- | | 550/- | |
| | **Processing charges and Goods and Services Tax (GST) are to be paid by the candidates as applicable** | | | | |
| **Announcement of the City of Examination** | | To be announced later on the website | | | |
| **Downloading of Admit Cardsfrom the NTA website** | | To be announced later on the website | | | |
| **Date of Examination** | | First/Second week of July 2022 | | | |
| **Duration of Examination** | | Slot I- 3 hours and 15 minutes (195 minutes)<br>Slot II-3 hours and 45 minutes (225 minutes) | | | |
| **Timing of Examination** | | To be announced later on the website | | | |

- शुल्क जमा करने क उपरांत प्रवेश परीक्षा हेतु सुबह अथवा शाम में से किसी एक सत्र का चयन करें ।
- प्रवेश परीक्षा जुलाई के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में प्रस्तावित है ।
- परीक्षा में सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (MCQ) होंगे ।
- प्रवेश परीक्षा कम्प्युटर लैब में आंवटित परीक्षा केन्द्र पर ही होगी ।
- प्रवेश परीक्षा फार्म निम्न तीन भागों में विभक्त होगा –
    1. Section 1 A - यहां दी गई तेरह विभिन्न भाषाओं में से **प्रश्नपत्र की भाषा** का चयन करें ।
       Section 1 B - यहां दी गई बीस क्षेत्रीय भाषाओं में से Sr. No. 20 **संस्कृत** का चयन करें ।
       Section 2 - यहां Domain अर्थात् कार्यक्षेत्र आधारित 27 विषयों में से Domain Sr. No. 27 **संस्कृत** का चयन करें ।
    2. Section 3 – इस भाग में दिए गए विकल्प Yes or No में से Yes का विकल्प चुने ।
- इसके बाद प्रवेशपरीक्षा पत्र की भाषा **संस्कृत** का चयन करें ।
- इसके बाद परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र का चयन करें । विद्याथी किन्हीं चार केन्द्रों को वरीयता के आधार पर चुन सकता है ।
- इसके बाद फोटो, हस्ताक्षर एवं दसवीं की अंकतालिका को अपलोड करें तथा परीक्षा शुल्क जमा करें ।
- प्रवेश परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम का प्रारूप निम्न रहेगा –
    - परीक्षा पूर्णतया कम्पूटर आधारित होगी ।
    - परीक्षा का माध्यम दी गई 13 भाषाओं में से कोई एक चयनित भाषा होगी ।
    - प्रश्नपत्र तीन भागों में विभक्त होगा ।
    - Section 1 A & B – में चयनित भाषा अंग्रेजी, हिन्दी एवं संस्कृत भाषा के आधार पर प्रश्न पूंछे जाऐंगे । ये प्रश्न अपठित गद्यांश, किसी पाठ्यांश अथवा अन्य किसी प्रकार से भाषा की जानकारी पर आधारित होंगे । जो विद्यार्थी Domain अर्थात् कार्यक्षेत्र में संस्कृत का चयन करते हैं उनसे संस्कृत आधारित प्रश्न, दर्शन, व्याकरण, ज्योतिष, वेद, साहित्य आदि विषयक प्रश्न पूछे जायेंगे ।

      Section 1 A & B – में कुल 50+50=100 प्रश्न होंगे जिसमें से प्रत्येक भाग में से 40+40=80 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है । कुल समय 90 मिनिट मिलेगा ।
    - Section 2 में आधुनिक विद्यार्थियों के लिए NCERT द्वारा निर्धारित बारहवीं कक्षा के पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न पूछे जाऐंगे । तथा परंपरागत विद्यार्थियों के लिए प्राक्शास्त्री, उत्तरमध्यमा, वेद विभूषण के पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न पूछे जाऐंगे ।

      Section 2 में कुल 50 प्रश्न होंगे जिसमें से 40 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है । कुल समय 45 मिनिट मिलेगा ।
    - Section 3 में कुल 75 पश्न होंगे जिसमें से 60 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है । कुल समय 60 मिनिट मिलेगा ।

**प्रवेश परीक्षा का कुल समय ३ घंटे १५ मिनिट का होगा ।**

प्रवेश परीक्षा में पूछे जानेवाले सभी प्रश्नों का स्तर बारहवीं अथवा उसके समकक्ष कक्षा यथा प्राक्शास्त्री, उत्तरमध्यमा, वेदविभूषण आदि का ही होगा ।

**विद्यार्थी आवेदन फार्म भरने हेतु अपनी फोटो, हस्ताक्षर एवं दसवीं कक्षा की मार्कशीट की डिजीटल कॉपी अपने पास पेनड्राईव अथवा फोन में सुरक्षित रखें ।**

निवेदक

दिनांक 12.04.2022

**प्रो. भारतभूषण मिश्र**
**निदेशक**
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
क. जे. सोमैया परिसर, मुम्बई ।